तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4
अधिकारियों ने छात्रों व आमजन को नेत्र सुरक्षा उपाय की दी जानकारी



## देर रात ट्रक ने तोड़ा बिजली तार, लोगों ने अंधेरे में काटी रात, सुबह आन्दोलन को हुए मजबूर

# मोहल्ले के बीच से गुजर रहे भारी वाहन, बढ़ी दुर्घटना की आशंका, लोगों ने रोकी गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के बड़े अतरमुड़ा, प्राची विहार को भारी वाहन चालकों ने खुद की जागीर समझते हुए अपना परमानेंट रास्ता बना दिया है। प्रवेश मार्ग में भारी वाहन निषेध का बोर्ड लगा होने के बाद भी 24 घंटे मोहल्ले के बीच से भारी वाहनों की रेलमपेल जारी है। स्थानीय लोगों द्वारा कलेक्टर और चक्रधर नगर थाना में भारी वाहनों के प्रवेश को रोकने की शिकायत करने के बाद भी सिलसिला जारी है। इसी क्रम में गुरुवार की देर रात एक ट्रक ने वहां से गुजरे विद्युत तार को टक्कर मार दी, जिससे इलाके में अंधेरा छा गया। रातभर अंधेरे में काटने के बाद सुबह लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और स्थानीय महिला-पुरूषों ने भारी वाहनों को रास्ते में ही रोक दिया।

दरअसल जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत बड़े अतरमुड़ा, प्राची विहार और सांई विहार मार्ग में भारी वाहनों की रेलमपेल से स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। मोहल्लेवासियों ने मामले की शिकायत कलेक्टर, चक्रधरनगर थाना और ट्रैफिक डीएसपी से करते हुए भारी वाहनों के प्रवेश को रोकने की मांग की है। इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों की मानें तो इस मार्ग में भारी वाहन प्रतिबिंधत होने के बाद भी ऐसे वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं होना अधिकारियों और वाहन मालिकों की सांठगांठ को दर्शाता है। गुरुवार की रात करीब 3 बजे एक भारी वाहन ने उपर से गुजरी विद्युत तार को तोड़ दिया, जिससे मोहल्ले में अंधेरा छा गया। रातभर लोग अंधेरे में रात काटी और सुबह स्थानीय महिला-पुरूषों ने भारी वाहनों के प्रवेश को ही रोक दिया। उनका कहना था कि जब तब वाहनों के प्रवेश को पूरी तरह बंद नहीं किया जाता वो वाहनों को गुजरने नहीं देंगे।



### सड़क के बीच गाड़े गए पोल को

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ साल पहले भारी वाहनों की आवाजाही को बंद करने के लिए सड़क के बीच में दो पोल गाड़े गए थे, ताकि उसमें वाहन घुस ही न पाए, लेकिन नवरात्रि के समय अज्ञात तत्वों द्वारा एक पोल को उखाड़ कर वाहनों को प्रवेश करने की छूट दे दी गई। तब से भारी वाहनों का प्रवेश फिर से जारी हो गया है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

### एंबुलेंस का भी रोकते हैं रास्ता

सांई विहार, बड़े अतरमुड़ा, टीवी टॉवर, प्राची विहार, मां नगर कॉलोनी के निवासी मेडिकल कॉलेज जाने के लिए इस रास्ते का उपयोग करते हैं, लेकिन इस रास्ते से एंबुलेंस भी नहीं गुजर पाती। क्योंकि भारी वाहन एंबुलेंस तक का रास्ता रोक देते हैं। मरीजों की स्थिति गंभीर होने पर एंबुलेंस को वापस बोंदाटिकरा होकर एनएच से आधा रायगढ़ घूमते हुए मेडिकल कॉलेज पहुंचना पड़ता है।

### जर्जर सड़क में आए दिन हो रहे हादसे

बड़े अतरमुड़ा से यह मार्ग संस्कार स्कूल की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ती है। यह सड़क पूर्व से ही जर्जर स्थिति में है। इस सड़क में इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं कि रोजाना हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह क्षेत्र नगर निगम व ग्राम पंचायत दोनों में आता है। इसके बाद भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नगर निगम, शासन-प्रशासन कोई इस जानलेवा मार्ग की सुध नहीं ले रहा है। ऐसे में पिछले साल मोहल्लेवासियों ने चंदा करके 40 हजार रुपए से सड़क के गड्ढों को पटवाया था, लेकिन भारी वाहनों ने फिर स्थिति जस की तस कर दी। लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन को नींद से जगाने अब वो उग्र आन्दोलन करेंगे।



रोड की स्थिति बद से बदतर है, इसके भी भारी वाहन चालक इसे हाइवे समझ कर प्रवेश कर रहे हैं। 24 घंटे इस मार्ग में भारी वाहनों के प्रवेश से हम सो नहीं पा रहे हैं। वाहनों के शोर से रात में नींद गायब हो जाती है। यही कारण है कि हमनें वाहनों को रोका है।

**संजय भुंइहर**
बड़े अतरमुड़ा, प्राची विहार



भारी वाहनों के प्रवेश से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। स्कूल टाइम में बच्चे सही सलामत स्कूल पहुंच पाए कि नहीं, वो घर तो लौट आएंगे इसकी चिंता हमेशा सताते रहती है। भारी वाहन के कारण इस मार्ग से स्कूली बसें भी नहीं गुजर पाती हैं।

**शिव कुमार यादव**
बड़े अतरमुड़ा, प्राची विहार



भारी वाहनों के चलते हर वक्त भय सताते रहता है। यहां सड़क से लगे घर हैं, अगर कोई भी वाहन कभी किसी के घर में घुस जाए तो जान-माल का नुकसान होना तय है, इससे शासन-प्रशासन का क्या जाएगा। यह सब होने के बाद भी जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं।

**सुमित्रा भुइहंर**
बड़े अतरमुड़ा, प्राची विहार



दशहरा के समय से भारी वाहन चालकों द्वारा सड़क पर लगे पोल को उखाड़ कर फिर से इस मार्ग को अपना रास्ता बना लिया गया है। इस संबंध में हमने चक्रधर नगर थाना, कलेक्टर से भी शिकायत की है, इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**सुनिता भुइंहर**
बड़े अतरमुड़ा, प्राची विहार

### स्कूली बच्चों को लेकर भयभीत रहते हैं पालक

लोगों ने बताया कि यह रास्ता प्राथमिक व माध्यमिक शाला मांझापारा, प्राथमिक शाला बड़े अतरमुड़ा सहित दो प्राइवेट संस्कार पब्लिक व विद्या विकास स्कूल का पहुंच मार्ग है। इसी मार्ग से महिलाएं अपने बच्चों को स्कूल लाना-लेजाना करती हैं और कई बच्चे खुद से ही स्कूल आते-जाते हैं। एक तो ऐसे ही इस जर्जर सड़क में बच्चे गिरते-पड़ते रहते हैं उपर से भारी वाहनों की रेलमपेल से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। 6 फीट के इस रास्ते में एक भी भारी वाहन गुजरे तो किनारे होने के लिए जगह ही नहीं बचती, जिससे बच्चे मजबूरन सड़क से नीचे झाड़ियों में उतर जाते हैं। ऐसा ही हाल राहगीरों के साथ भी होता है। इसलिए बच्चों को लेकर उनके पालक हमेशा भयभीत रहते हैं।

## शराबी शिक्षक ने स्कूल में मचाया हंगामा बच्चों के सामने की गाली-गलौज



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक शराबी शिक्षक नशे में धुत होकर स्कूल पहुंच गया और बच्चों के सामने ही गाली-गलौज करते हुए हंगामा मचाने लगा। स्कूल के स्टाफ ने हंगामा कर रहे टीचर का वीडियो बना लिया है, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। घटना के बाद स्कूल के प्राचार्य ने इसकी शिकायत लैलूंगा थाने में की है, जहां पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

शराबी शिक्षक का नाम महेश राम सिदार है, जो लैलूंगा ब्लॉक के लारीपाली गांव के स्वामी आत्मानंद स्कूल में व्याख्याता एलबी के पद पर पदस्थ है। वायरल वीडियो में हंगामा कर रहे शिक्षक को प्राचार्य जब समझा रहे थे तो वह जोर-जोर से चिल्लाने लगता है। शिक्षक कह रहा है कि उसे बोलने का अधिकार ईश्वर ने दिया है, घटना गुरुवार की है। स्वामी आत्मानंद स्कूल में जब सुबह की क्लास चल रही थी तभी वहां शिक्षक महेश राम सिदार सुबह करीब साढ़े 10 बजे शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा और अटेंडेंस रजिस्टर में दस्तखत कर वहां से चला गया। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे जब कक्षा नौवीं का 5वां पीरियड चल रहा था तब महेश राम फिर से स्कूल आ गया और दूसरे टीचर की क्लास में घुसकर बच्चों को डांटने लगा। इस बात की जानकारी प्राचार्य को मिली तो वे तुरंत कक्षा में पहुंचे और उन्हें बाहर जाने को कहा, लेकिन नशे में धुत महेश राम गुस्सा हो गया और प्राचार्य समेत अन्य स्टाफ से उलझने लगा। इसके बाद उसने गाली-गलौज करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। जब स्कूल में हंगामा बढ़ गया तो स्टाफ ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम स्कूल पहुंची और नशे में हंगामा कर रहे टीचर महेश राम को अपने साथ थाने ले गई। कुछ देर बाद स्कूल के प्राचार्य ने इस घटना की जानकारी शिक्षा विभाग को दी और लैलूंगा थाने में भी इसकी सूचना दी।

### आदत से नहीं आ रहा बाज

थाने में दी गई लिखित शिकायत में बताया गया है कि यह पहली बार नहीं है जब शिक्षक महेश राम ने शराब के नशे में हंगामा किया हो। इससे पहले भी शराब के नशे में हंगामा कर चुका है।

### शिकायत की जांच की जा रही

लारीपाली स्कूल में शिक्षक द्वारा शराब के नशे में हंगामा करने की लिखित शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**रोहित बंजारे**
थाना प्रभारी लैलूंगा



## खबर संक्षेप

### 1.2 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण स्वीकृत, वितरित

**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत मनोरा में गुरुवार को आयोजित मुद्रा एवं क्रेडिट लोन मेला में विभिन्न लाभार्थियों को कुल 01 करोड़ 2 लाख 30 हजार रुपए का ऋण स्वीकृत एवं वितरण किया गया। इनमें 21 स्व-सहायता समूहों को बैंकों से लिंकेज के माध्यम से 88 लाख 50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया, वहीं 17 लाभार्थियों को 13 लाख 80 हजार रुपये का मुद्रा लोन स्वीकृत एवं वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य डीपीएम अमीन खान, एलडीएम वॉलटर वेगरा, जिला प्रमुख साधन अखिल परासेठ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनोरा सहित सभी बैंक शाखा के मैनेजर एनआरएलएम से बीपीएम, एसी पीआरपी एवं बिहान की दीदियां भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

### जिले में 1 जून से अब तक 11007.3 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक11007.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 10 अक्टूबर तक की स्थिति में 10939.4 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 14.3 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1361.0 मिमी, मनोरा में 1414.9 मिमी, कुनकुरी में 1534.5 मिमी, दुलदुला में 729.4 मिमी, फरसाबहार में 814.9 मिमी, बगीचा में 1208.9 मिमी, कांसाबेल में 1030.2 मिमी, पत्थलगांव में 979.8 मिमी, सन्ना में 1269.4 मिमी एवं बागबहार में 764.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### एसडीएम ने ली पटवारियों व तहसीलदार की बैठक

**जशपुरनगर।** जशपुर एसडीएम विश्वास राव मस्के ने विगत दिवस 08 अक्टूबर को मनोरा तहसील के समस्त तहसीलदार एवं पटवारियों की बैठक आयोजित कर एग्रीस्टेक (किसान पंजीयन) की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिन कृषकों का पंजीयन अब तक नहीं हो पाया है. ऐसे किसानों को तीन दिवस के भीतर चिन्हांकित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण की जाए। इस संबंध में सभी संबंधित राजस्व अमले को सक्रियता एवं गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक के पश्चात एसडीएम मस्के द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, मनोरा के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया और विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की बैठक लेकर विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र निर्माण कार्य की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि एक गूगल शीट तैयार कर ऐसे विद्यार्थियों की समग्र सूची तैयार की जाए, जिनका जाति प्रमाण पत्र अब तक जारी नहीं हुआ है. ताकि कार्य की निरंतर निगरानी की जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि दीपावली पर्व से पूर्व सभी पात्र विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाकर वितरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं शासकीय योजनाओं का समय पर लाभ प्राप्त हो सके।

### बालिकाओं को मिली साइकिल

**जशपुरनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला में 9 अक्टूबर 2025 को सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रवेश द्वार पर अतिथियों के पारंपरिक स्वागत से हुई। व्याख्याता सुमति चौहान, बिनीता मिंज, ममता टोप्पो, मनीषा लकड़ा, रीना मांझी और रेशमा मिंज ने तिलक, बैज, आरती और वेलकम क्लैप्स से अतिथियों का अभिनंदन किया। मंच पर "अतिथि देवो भव" की परंपरा निभाते हुए पुष्पगुच्छ और स्वागत गान के माध्यम से अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

## पर्यटन स्थलों का दर्शन करने जशपुर वाहन रवाना

# विधायक सहित अधिकारियों ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण और समृद्ध जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

- पर्यटक मधेश्वर पहाड़ सहित जिले के अन्य खूबसूरत पर्यटन स्थलों का कर सकेंगे दर्शन

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अधोसंरचना विकास सहित अनेक कार्यक्रमों को संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की इस पहल से जहां जशपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिल रही है, वहीं स्थानीय युवाओं और समुदाय के लिए आजीविका के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले में पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु विभिन्न नवाचारी कार्यक्रमों और गतिविधियों का सफल संचालन किया जा रहा है, जिससे जशपुर पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख



गंतव्य के रूप में उभर रहा है। आज कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन ने एक अभिनव पहल करते हुए जशपुर दर्शन 2025 की शुरूआत की। विधायक मती रायमुनी भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास ने जशपुर पुरातत्व संग्रहालय से जशपुर दर्शन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, एसडीएम विश्वास राव मस्के, कृष्ण कुमार राय, रामप्रकाश पांडेय, रोपण राम अगरिया और राजा सोनी मौजूद रहे। आज पहले दिन समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र जशपुर के छात्र पर्यटन स्थलों का दर्शन करेंगे।

### जशपुर दर्शन में करीब से देख सकेंगे जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता

जशपुर दर्शन 2025, 10 से 15 अक्टूबर तक चलेगा। एक दिन की इस खास यात्रा में पर्यटकों को जशपुर की खूबसूरती को करीब से जानने का मौका मिलेगा। इसके अंतर्गत पर्यटकों को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में लार्जेस्ट नेचुरल फैक्सिमिली ऑफ शिवलिंग के रूप में दर्ज मधेश्वर पहाड़ का दर्शन करने के अवसर प्राप्त होगा। इसके अलावा रानीदाह जलप्रपात, पुरातत्व संग्रहालय, शारदा धाम, देशदेखा, मयाली वाटर स्पोर्ट्स, सारूडीह चाय बगान और गुल्लू जलप्रपात जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों की सैर भी कराई जाएगी। पर्यटकों की सुविधा के लिए इस यात्रा का पैकेज शुल्क प्रति व्यक्ति मात्र 1000 रखा गया है। वहीं पूरी गाड़ी बुकिंग करने पर 5000 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। बुकिंग एवं विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर +91 9329074651 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बागबहार को मिला आधुनिक मिनी स्टेडियम और इंडोर हॉल का तोहफा

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में विकास की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। शासन की प्राथमिकताओं में अब खेल सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण भी प्रमुख रूप से शामिल है। इसी कड़ी में बागबहार क्षेत्र के खेल प्रेमियों और युवाओं के लिए बड़ी सौगात के रूप में राज्य शासन द्वारा 4 करोड़ 67 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से बागबहार में आधुनिक मिनी स्टेडियम और इंडोर हॉल का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए सुसज्जित मंच मिल सकेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुछ समय पूर्व बागबहार में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में पहुंचकर यह घोषणा की थी। स्थानीय जनता की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया था, और अब शासन द्वारा उसकी औपचारिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। इस निर्णय से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में नया उत्साह देखा जा रहा है। नवनिर्मित मिनी स्टेडियम और इंडोर हॉल में फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, सहित कई खेलों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह पहल ग्रामीण अंचल के खेल प्रतिभाओं को जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि जशपुर



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा पर अमल, 4 करोड़ 67 लाख की स्वीकृति

की धरती में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्हें केवल उचित अवसर और सुविधाओं की आवश्यकता है। सरकार का उद्देश्य है कि हर गांव और हर ब्लॉक से खिलाड़ी आगे बढ़ें और प्रदेश व देश का नाम रोशन करें।

### क्षेत्र वासियों ने जताया आभार

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की इस घोषणा के पूरा होने पर आभार जताया है। क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। बागबहार निवासी खेलप्रेमी युवाओं ने कहा कि अब उन्हें अपने गांव में ही उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के आयोजन का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में जशपुर जिला न केवल सड़क, पुल-पुलिया, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है, बल्कि अब खेल और संस्कृति के क्षेत्र में भी एक नया इतिहास लिख रहा है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने सड़क निर्माण के लिए सचिव को सौंपा ज्ञापन

**कटेली।** जिले के समग्र विकास की अवधारणा को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय ने मंत्रालय में मंत्रीगणों और विभागीय सचिवों से मुलाकात कर विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए आग्रह किया है। इसी क्रम में उन्होंने जिले के सड़कों के रखरखाव, मरम्मतीकरण और नवीन सड़क निर्माण के संदर्भ में लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय ने दानसरा मुक्तिधाम से भंवरपुर सीमा तक नई सड़क निर्माण, इंडोर स्टेडियम सारंगढ़ से गदहाभाठा और गदहाभाठा से चिंगरीपाली तक नवीन सड़क निर्माण की मांग की। जिस पर सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने तत्काल लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर प्रशासकीय स्वीकृति के लिए विभागीय औपचारिकताएं पूरी करने निर्देशित किया। इसी प्रकार अन्य सड़कों की मांग पर आगामी बजट में शामिल करने हेतु आश्वासन दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय ने जिले के समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई है।



# सरकारी अस्पताल में टेंडर विवाद पर स्वास्थ्य विभाग ने झाड़ा पल्ला

**राउरकेला।** राउरकेला सरकारी अस्पताल में चल रहे हाउसकीपिंग और सिक्योरिटी सर्विसेज टेंडर विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों पर सवाल उठाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पूरे मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा है कि टेंडर प्रक्रिया फिलहाल जारी है। सूत्रों के अनुसार 28 सितंबर को निदेशक कार्यालय राउरकेला गवर्नमेंट हॉस्पिटल ने पत्र संख्या 4664 के माध्यम से सीडीएमओ सुंदरगढ़ को इस संबंध में सूचना दी, जिसमें विभाग ने केवल औपचारिक जवाब देते हुए कहा कि किसी भी बिल पर निदेशक के हस्ताक्षर नहीं हुए हैं और विवादित ऑक्सीजन प्लांट यूनिट फिलहाल मरम्मताधीन है। इसके अलावा वाटर एटीएम को अस्पताल के अधीन न बताकर भी विभाग ने स्पष्ट जवाब देने से बचा लिया जबकि वह अस्पताल परिसर में ही स्थित है। इससे अनियमितताओं की संभावना और गहराती दिख रही है। डॉ. यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार को अब बिल्कुल भी जगह नहीं दी जाएगी। पिछली सरकारों के भ्रष्ट तरीकों से बाहर निकलने का समय आ गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने पारदर्शिता नहीं दिखाई तो इस मुद्दे

**खास बातें**

- एनसीपी अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव के हस्तक्षेप के बाद विभाग ने दी सफाई



# नामकरण निरस्त करने को लेकर विधि प्रकोष्ठ ने जताया आभार

**रायगढ़।** शहर विकास में शून्य योगदान की बात कहते हुए भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ ने नगर निगम रायगढ़ द्वारा सावित्री जिंदल सेतु एवं ओपी जिंदल मार्ग का नामकरण निरस्त किए जाने पर महापौर जीवर्धन चौहान को धन्यवाद किया है। भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ से जुड़े सदस्यों ने इस निर्णय को स्वागतेय बताते हुए महापौर को पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार जताया। विदित हो कि पुल एवं मार्ग के रखरखाव हेतु नगर निगम द्वारा जिंदल प्रबंधन को कई बार पत्राचार किया गया था, लेकिन प्रबंधन ने इस ओर समुचित ध्यान नहीं दिया और किसी भी प्रकार की मरम्मत नहीं की गई। परिणाम स्वरूप मंगलवार को आयोजित सामान्य सभा में दोनों ही स्थानों का नामकरण निरस्त करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सदस्यों ने इस निर्णय को नगर के स्वाभिमान और जनहित में लिया गया ऐतिहासिक कदम बताया। महापौर जीवर्धन से इस संबंध में मुलाकात करने के दौरान सुरेन्द्र पाणिग्रही, शरद पाण्डेय, विधि प्रकोष्ठ सह संयोजक शकुन्तला चौहान, सीएम नामदेव, डोलेश्वर पटेल, राज्यपाल पटेल, गेंद सिंह चन्द्रा, मेदिनी मिश्रा, मुकेश साहू, मनीष पाण्डेय, एवं महेन्द्र सिंह यादव प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भाजपा विधि प्रकोष्ठ की मौजूदगी रही।



# राउरकेला-सुंदरगढ़ पुलिस ने अवैध रेत तस्करी पर की कार्रवाई

**राउरकेला।** पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बावजूद अवैध बालू माफियाओं पर अंकुश लगाने की चुनौती बरकरार है। बंडामुंडा, टांगरपाली समेत विभिन्न थानों में दर्जनों रेत लदी गाड़ियां जब्त की गईं, जिससे स्थानीय जनता और ठेकेदारों में राहत की लहर दौड़ी। हालांकि एनसीपी ओडिशा अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने कहा कि पुलिस के कार्य सराहनीय है, लेकिन खनन अधिकारी दिखावटी निद्रा मे हैं। माफियाओं का कब्जा राउरकेला के बालू घाटों पर मुख्यमंत्री के विकास सपनों का रोड़ा बन रहा है। अगर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो जन आंदोलन अवश्य होगा। तथ्य बताते हैं कि जनवरी-मार्च 2025 में दर्जनों गिरफ्तारियों और 100 से अधिक वाहनों के जब्त होने के बावजूद खनन सहयोग शून्य रहा। अप्रैल-जून में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की जांच के बावजूद माफियाओं ने वाहन छुड़ाए, जबकि पुलिस ने पुनः कई वाहन जब्त किए। जुलाई-अक्टूबर में लगातार रेड्स के बावजूद माफिया बेलगाम दिखे। यह घटनाक्रम अधिकारियों की मिलीभगत और राज्य सरकार की उपेक्षा को उजागर करता है, जबकि जनता और जिम्मेदार सिविल ठेकेदार अब सख्त और पारदर्शी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। टांगरपाली मे जब्त गाड़ियों में ओडी 14एजे 6814, ओडी 14एजे 6815, ओडी 14वाई 5228, ओडी 14एसी 6035, ओडी14 एजे 6776 व ओडी 14 एसी 6012 सभी सोलह चक्का शामिल हैं।



# फसलों में संभावित कीट और रोग प्रकोप को लेकर किसानों को सतर्क रहने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस वर्ष खरीफ सीजन की शुरुआत से ही अच्छी वर्षा के कारण धान जैसी मुख्य फसलों की बेहतर पैदावार की उम्मीद है। अब तक गत वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक वर्षा दर्ज की गई है, जिससे खेतों में पानी की उपलब्धता तो बेहतर हुई है, लेकिन अत्यधिक बारिश के चलते कुछ अन्य फसलों जैसे उड़द, मूंगफली, मूंग, मक्का एवं जल्दी पकने वाली अन्य फसल पर उचित व्यवस्था एवं देखरेख के अभाव में प्रतिकुल प्रभाव पड़ सकता है।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि फसल पकने पर शीघ्र फसल की तुड़ाई एवं कटाई कर सूखे स्थानों पर सुखने हेतु फैला कर रखें या धूप में सुखने हेतु रखें। धान के खेत में हरी काई का प्रकोप दिख रहा हो तो पानी को निकाल देवें एवं खेत के जिस जगह से पानी अन्दर जाता है वहाँ पर आवश्यकतानुसार कॉपर सल्फेट को पोटली में बांध कर रखें। धान के फसल में यदि कीट व्याधी का प्रकोप दिखे तो किसान निम्नानुसार दवाओं का उपयोग नियंत्रण हेतु कर सकते हैं। उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि भूरा माहू.पौधे के मुख्य तना से रस चूस कर पौधों को कमजोर करता है, इस कीट के प्रकोप होने पर पाईमेट्रोजिन 50 डब्ल्यूजी 300 ग्राम अप्लाई, पाईमेट्रो, क्लू एवं अन्य समान उत्पाद या डाईनेट्रान्युरान 20 एसजी ओसीन, टोकन एवं अन्य समान उत्पाद 200 ग्राम हेक्टेयर की दर से 500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। इसी तरह पत्ती मोड़क लीफफोल्डर या चितरी यह कीट 1 से 2 पत्ती प्रति पौधा होने पर फिफरोनिल 5 एससी 800 मिली प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। धान में तना छेदक के लक्षण दिखाई दे तो कर्टाप डाईक्लोराईड 50 डब्ल्यूपी 1 किग्रा प्रति हेक्टेयर काल्डेन, कैरीड, मोर्टार एवं अन्य समान उत्पाद या क्लोरेन्ट्रानिलिप्रोल 150 मिली प्रति हेक्टेयर फटेरा, कोरेजन, फटेगोल्ड, लेपिडोज एवं अन्य समान उत्पाद की दर से 500 लीटर पानी में घोलकर कर छिड़काव करें। साथ ही धान में तना छेदक कीट की निगरानी के लिए 2.3 फिरोमेन ट्रेप प्रति एकड़ का उपयोग करें एवं प्रकोप अधिक पाये जाने पर 8.10 फिरोमेन ट्रेप का उपयोग नियंत्रण के लिए करें।

इसके अतिरिक्त किसी भी फसल में किसी भी प्रकार के कीट एवं बीमारी के लक्षण प्रभाव दिखाई देने पर तत्काल कृषि विभाग के क्षेत्रीय, विकासखण्ड, जिला स्तर के अधिकारियों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों से संपर्क कर उचित सलाह प्राप्त कर कीट व्याधि का नियंत्रण सुनिश्चित करें।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** एमजी रोड निजी स्कूल के समीप सड़क हादसे में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। फुन्दुरडिहारी धोबीपारा निवासी शैलेश कुमार सिन्हा आ. वीरेन्द्र कुमार सिन्हा (45 वर्ष) आज सुबह लगभग 10 बजे घर से नाश्ता कर बाइक से निकला था। दिन लगभग 11 बजे से 12 बजे के बीच एमजी रोड निजी स्कूल के समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। युवक की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक एमजी रोड निजी स्कूल समीप होटल के पास बाइक को खड़ा कर सड़क की दूसरी ओर जा रहा था तभी तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया था।

# प्रेस क्लब में शपथ ग्रहण कल

**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ के पत्रकारों ने एकजुटता दिखाते हुए इस बार प्रेस क्लब का गठन किया और सर्वसम्मति से नारायण बाईन को अध्यक्ष चुना। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में डिजिटल मीडिया के पत्रकार गुरुचरण सिंह राजपूत, असलम खान और पत्रकार श्यामल पुरकायस्थ को टीम की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं सचिव के रूप में विवेक पांडे तथा कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल को बनाया गया।

इसके बाद प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने धरमजयगढ़ में पहली बार शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन को लेकर रूपरेखा बनाई। इसी क्रम में 12 अक्टूबर की शाम 5 बजे प्रेस क्लब धरमजयगढ़ के सभी पत्रकार विधिवत रूप से शपथ ग्रहण करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह और समाजसेवी शंभू चौहान कार्यक्रम उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष लीनव राठिया, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सरकार, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शिशुशशि, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जगन्नाथ राठिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### होगा कवि सम्मेलन

धरमजयगढ़ के क्लब ग्राउंड में आयोजित प्रेस क्लब के शपथ ग्रहण समारोह में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के मशहूर कवियों का भी आगमन हो रहा है। पत्रकारों के शपथ ग्रहण के बाद रात 9 बजे कवि सम्मेलन का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित है, जो इस आयोजन में आकर्षण का केंद्र होगा।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में

# स्वदेशी अपना कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान: जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आत्म आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान, महामंत्री जतिन साव, विकास केडिया, पूर्व महामंत्री सतीश बेहरा की मौजूदगी में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से अग्रसर है। हाल के ऐतिहासिक जीएसटी क्रांति और उससे पहले आयकर की दरों में ऐतिहासिक छूट देकर सभी तरह के कर कानूनों का सरलीकरण कर मोदीजी ने विकसित भारत, की राह को प्रशस्त किया है।

नागरिकों को राहत, व्यापार सुगमता कर सरलीकरण का अंतिम ध्येय भारत को विकसित बना देश के 150 करोड़ नागरिकों का



जीवन आसान बना कर, उनके जीवन को संवारने का ध्येय लेकर मोदीजी काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिर्फ एक संकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति की अभिव्यक्ति भी है। जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा मोदी के इस मूलमंत्र को अपना कर पार्टी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया है। यह अभियान 25 सितंबर पंण दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती से प्रारम्भ हुआ है और 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल की जयंती तक यह चलेगा। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी की भावना के साथ इस अभियान को जन.जन तक पहुंचाने के लिए आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन और आत्मनिर्भर भार संकल्प रथ यात्रा जैसी कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इस अभियान का उद्देश्य वोकल फॉर लोकल के संदेश को हर भारतीय तक पहुंचाना है। पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में स्वदेशी को लेकर जिस तेजी से काम हुआ है उसका असर सैन्य उपकरणों के निर्यात से लेकर अंतरिक्ष, वैक्सीन हर जगह भारत की बढ़ती धाक के रूप में देखा जा सकता है। यदि सिर्फ रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को देखें तो 2014 से पहले जहां हम पड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर थे वहीं अब आत्मनिर्भर होते हुए रक्षा निर्यातक बन चुके हैं। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1 हजार 941 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 23 हजार 622 करोड़ रुपए हो गया है। आज हमारे देश ने विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट अप इको सिस्टम के रूप में स्थापित कर लिया है, जहां 17 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। भारत में 100 से अधिक यूनिकॉर्न आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का प्रतीक हैं।

### कॉलेज प्राचार्यों की डिप्टी कलेक्टर ने ली बैठक



**राउरकेला।** पानपोष अनुमंडल के सभी महाविद्यालयों के अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरूवार को आईटीडीए प्रशिक्षण एवं सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलापाल विजय कुमार नायक ने की। बैठक में राउरकेला से लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र के सभी महाविद्यालयों की भौतिक संरचना, विकास कार्यों और प्रशासनिक आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही महाविद्यालय परिसरों की स्वच्छता और आंतरिक शिकायत समिति आईसीसी जो कार्यस्थल पर महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा से संबंधित है, पर भी विशेष रूप से विचार विमर्श किया गया। सामाजिक सुरक्षा विभाग की अनुमंडल स्तरीय अधिकारी मीनू टांडिया ने विकलांग छात्रों के लिए उपलब्ध छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी, वहीं अतिरिक्त जिला कल्याण अधिकारी भरत गुरु ने अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु छात्रवृत्तियों के विषय में जानकारी साझा की। बैठक के संचालन में उपविभागीय अधिकारी फणिन्द्र भूषण साहू और लक्ष्मी टांडिया ने सहयोग किया। बैठक का उद्देश्य अनुमंडल क्षेत्र के महाविद्यालयों में शिक्षाए स्वच्छता और सामाजिक कल्याण से जुड़ी पहलों को सशक्त बनाना था।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : 96308-91863

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863

**खबर संक्षेप**

## स्टैट बैंक के एटीएम में अचानक लगी आग

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में स्थापित भारतीय स्टैट बैंक पुसौर में में लगे एसी अचानक ब्लास्ट होने से बगल में स्थित एटीएम में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रबंधन प्रमुख मधुकर एवं उनके स्टाफ ने इसमें धैर्य दिखाया और बगैर किसी हानि के स्थिति को अपने काबु में कर लिया। जानकारी के मुताबिक बैंक के अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने काम में मशगुल थे और ग्राहक भी अपने काम कराने के लिए संबंधित कांउटर में मौजूद थे, तभी ब्लास्ट जैसी आवाज आई और पूरे कार्यालय की लाईट चली गई। वहीं बाहर में खडे लोगों ने भी आवाज लगाई कि एटीएम में आग लग गई है। इतने में एसबीआई प्रबंधक मधुकर एवं उनके स्टाफ ने लोगों को शांति से बाहर जाने की अपील करते हुए अग्निशामक यंत्र के जरिये आग लगे हुए स्थान में अपने सहयोगी कर्मचारियों को भेजा। आग बुझने के बाद एसी के गडबडी में सुधार के लिये संबंधित एक्सपर्ट बुलाए, वहीं बिजली विभाग के लोगों को भी तलब कर कनेक्शन को दुरूस्त किया गया। इस तरह एक घंटे बाद स्थिति सामान्य हो गई। ज्ञात हो कि स्टैट बैंक में इस तरह की स्थिति पहली बार हुई है। यह गडबडी तकनीकी खराबी और वोल्टेज के उपर अप डाउन होने को लेकर बताया जा रहा है।

## करमा का आयोजन, होंगे विभिन्न प्रतियोगिता

**पुसौर।** शासन करमा महोत्सव को लेकर इन दिनों काफी संवेदनशील है, जिसके लिए विकासखंड, जिला व प्रदेश स्तर में प्रतिस्पर्धाएं होंगी। सूत्रों के मुताबिक यह जानकारी प्रकाश में आया कि इसके लिए विधिवत सुचनाएं जारी कर दी गई है साथ ही इसका आयोजन कब और कहां होगा यह भी नियत हो चुकी है। कार्यक्रम कलेन्डर के अनुसार ग्राम स्तर पर 1 से 15 अक्टूबर तक करमा नृत्य, करमा गीत जनजातीय लोक गायकों का प्रतिनिधित्व एवं जनजातिय समुदायों में प्रचलित परांगत वाद्य यंत्र का प्रदर्शन के विषय होंगे। इसी तरह 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विकास खंड स्तर पर, 1 से 7 नवम्बर तक जिला स्तर पर तथा 8 नवम्बर से 15 नवम्बर तक प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन होगा। करमा महोत्सव में करमा मण्डलियों को प्रोत्साहन करने हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। पहले चरण में ग्राम स्तर पर जितने भी करमा मंडलिया हैं उनके बीच प्रतियोगिता के माध्यम से एक विजेता करमा मंडली को चुना जाना होगा। इसके बाद दूसरे चरण में प्रत्येक ग्राम से चुने गए करमा मंडली के बीच जनपद पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा तथा प्रत्येक जनपद के विजेता करमा मंडलियों के बीच जिला स्तर पर प्रतियोगिता के माध्यम से जिला स्तरीय विजेता को चुना जाना होगा। जिला स्तरीय विजेता करमा मंडलियों के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह नगरीय क्षेत्र में भी होगा। प्रस्तुति में लोक वाद्यों को प्राथमिकता दिए जाएंगे, आधुनिक वाद्ययंत्र की बोर्ड पैड आदि शामिल नही होंगे।

## छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति किया गया जागरूक

**कोसीर।** कोसीर पुलिस दारा साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कोसीर के श्रीजा रोयल स्कूल में पहुंचकर छात्र-छात्राओ एवं समस्त स्टाफ को जागरूक किया गया। एसआई मल्होत्रा ने स्कूल के छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम सुरक्षा एवं उसके हानि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि आजकल दिनो दिन साइबर क्राइम लगातार बढता जा रहा है। लोग आनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। इसलिए लोगों को सावधान होकर कार्य करना है।

### विश्व दृष्टि दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# अधिकारियों ने छात्रों व आमजन को नेत्र सुरक्षा उपाय की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व दृष्टि दिवस 2025 के अवसर पर जिले में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष अक्टूबर माह के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन तथा जिला नोडल अधिकारी डॉ. मीना पटेल और जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के संचालन में जिले के समस्त विकासखंडों में यह आयोजन हुआ।




इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों एवं आमजनों को नेत्र सुरक्षा के उपाय और सामान्य नेत्र रोगों की जानकारी दी गई। जिसमें मधुमेह, मोबाइल व कंप्यूटर उपयोग, बदलती जीवनशैली के कारण होने वाले दृष्टि दोषों जैसे मायोपिया, एम्बलोपिया, आंखों का सुखापन आदि पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में बताया गया कि मधुमेह रोगियों को हर 6 माह में आंखों की नियमित जांच करानी चाहिए, जिससे आंखों की रोशनी को सुरक्षित रखा जा सके। बच्चों और नवयुवकों में दृष्टि दोषों की बढ़ती समस्या को देखते हुए संतुलित आहार में विटामिन ए युक्त भोजन जैसे पालक, गाजर, पपीता, आम, अंडा, मछली और दूध को शामिल करने पर जोर दिया गया।

**सामान्य नेत्र सुरक्षा के बताए गए उपाय**

आंखों को दिन में दो बार साफ पानी से धोना, साफ तौलिया का उपयोग करना। तेज रोशनी और धूप से बचाव हेतु चश्मे का प्रयोग हेतु कहा गया। नेत्र पर चोट या कुछ गिरने की स्थिति में मलने के बजाय साफ पानी से धोना। चलती बस मेंए लेटे हुए या कम रोशनी में न पढ़ने की सलाह दी गई। बाजार में बिकने वाली बिना पर्ची की आंखों की दवा से परहेज और डॉक्टर से ही परामर्श लेने की अपील की गई।

**निःशुल्क नेत्र जांच व इलाज की सुविधा**

आंखों की जांच मेडिकल कॉलेज एवं सभी जिला चिकित्सालयों में नेत्र विशेषज्ञ एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नेत्र सहायकों द्वारा नेत्रों का निःशुल्क जांच एवं उपचार किया जाता है। 40 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को मोतियाबिंद की जांच नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र जिला चिकित्सालय में कराते रहना चाहिए, जहां मोतियाबिंद की निःशुल्क जांच उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।

**कचरा बिनने वाली से 15 हजार रिश्वत लेते पकड़ाया**



## बंडामुंडा के आरपीएफ जवान को सीबीआई ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ में भ्रष्टाचार का एक और मामला उजागर हुआ है। चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा आरपीएफ पोस्ट में तैनात जवान मोहम्मद असरार को सीबीआई की टीम ने शुक्रवार सुबह राउरकेला के बिसरा चौक पर 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार असरार बंडामुंडा रेलवे कॉलोनी में कचरा बिनने वाली एक गरीब महिला से हर महीने 15 हजार रुपए की मांग कर रहा था। महिला ने लगातार हो रहे उत्पीड़न से तंग आकर सीबीआई में शिकायत की। शिकायत की पुष्टि के बाद सीबीआई टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और रासायनिक चिन्हित नोटों के साथ असरार को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी जवान को राउरकेला सीबीआई कार्यालय लाया गया, जहां उससे पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि टीम यह भी जांच कर रही है कि इस रिश्वतखोरी में और कौन-कौन शामिल हैं। यह तीन महीने के भीतर बंडामुंडा राउरकेला सेक्शन में सीबीआई की तीसरी कार्रवाई है, जिससे रेल मंडल में हड़कंप मच गया है। सीबीआई का यह कदम भ्रष्टाचार के खिलाफ उसकी सख्त नीति का एक और सबूत माना जा रहा है।

## हाऊसिंग बोर्ड कार्यालय की जर्जर अवस्था का जिम्मेदार कौनः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

ओडिशा राज्य आवास बोर्ड ओएसएचबी के राउरकेला कार्यालय की जर्जर और निष्क्रिय स्थिति के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी ओडिशा के अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए तत्काल क्रियाशील बहाली की मांग की, ताकि हाऊसिंग बोर्ड से जुड़े कार्यों के लिए निवासियों को भुवनेश्वर दौड़ने से मुक्ति मिले। डॉ. यादव ने कहा कि राउरकेला को राज्य सरकार की सौतेली नीतियों का शिकार बनाया गया है। ओएसएचबी कार्यालय की दुर्दशा इसका प्रमाण है। एनसीपी मांग करती हैं कि इसे पूर्ण क्रियाशील बनाया जाए, अनावश्यक राजधानी यात्राओं से बचाया जाए। इसकी स्थापना 1968 में हुई, राउरकेला कार्यालय 1976 से सक्रिय है लेकिन अब प्रायः मृतप्राय है। वहीं 1981-85 में 6,000 आवास इकाइयां बनाईं गईं। उपेक्षा की शुरुआत हुई 1990 से और प्रत्यक्ष रूप से भुवनेश्वर पर फोकस किया गया। राउरकेला में कोई नई परियोजना नहीं, जहां



भुवनेश्वर में 20,000 इकाइयां है। साख मे गिरावट 2018 से आरम्भ हुई और अब मात्र 6 कर्मचारियों के साथ कार्यालय कार्यरत व कोई नई बहाली नहीं हुई। 2022 के वादे हवाहवाई हुई और 2023-24 में शिकायतें लगातार बढ़ीं। वर्तमान में यह कार्यालय चंद कर्मचारियों के साथ विकृत स्थिति में है। यह घटनाक्रम राउरकेला के प्रति सौतेले व्यवहार को दर्शाता है, जहां पूर्व बीजेडी सरकार ने उपेक्षा की वहीं अब कोई दृस्टिगोचर कार्रवाई नहीं की जा रही है। डॉ. यादव ने चेतावनी दी है कि यदि प्रतिष्ठापूर्ण पुनः बहाली न हुई तो जन आंदोलन शुरू होगा।

## शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहनी-तिलहनी फसलों की होगी खरीदी

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री के द्वारा देश के अन्नदाता किसानों के लिए महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम आशा के अंतर्गत प्राईज सपोर्ट स्कीम पीएसएस लागू की गई है जिसके तहत अधिसूचित दलहनी एवं तिलहनी फसलों का उपार्जन के लिए नेशनल को.ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन इंडिया लिमिटेड एनसीसीएफ के साथ प्रत्येक विकासखण्ड में उपार्जन केन्द्र चयनित निर्धारित किया गया है जिसमें विकासखण्ड खरसिया में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मुरा, विकासखण्ड पुसौर में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कोतरा, विकासखण्ड घरघोड़ा में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कुडुमकेला एवं प्राथमिक सेवा सहकारी समिति लैलूंगाए, विकासखण्ड तमनार में प्राथमिक सेवा सहाकारी समिति तमनार तथा विकासखण्ड धरमजयगढ़ में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति धरमजयगढ़ एवं छाल का चयन किया गया है। इस योजनांतर्गत खरीफ में उत्पादित मूंग, उड़द, सोयाबीन एवं मूंगफली का उपार्जन निकट भविष्य में किया जाएगा। इसके उपरांत खरीफ अरहर तथा अन्य रबी फसलों यथा चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन अवधि 90 दिवस निर्धारित होगा।

# जनसुनवाई निरस्त कराने छात्रों ने घेरा पर्यावरण विभाग, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- एसडीएम के आश्वासन के बाद आन्दोलन किया गया समाप्त

14 अक्टूबर को तमनार में होने वाली जिंदल कंपनी की जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग करते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कॉलेज छात्रों ने पर्यावरण विभाग का घेराव कर दिया। वहीं गेट के सामने धरने पर बैठ कर जमकर नारेबाजी करने लगे। क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी द्वारा आश्वासन देने पर भी वे नहीं माने, जिससे मजबूरन एसडीएम को मौके पर आना पड़ा। एसडीएम के आश्वासन पर करीब तीन घंटे बाद आन्दोलन समाप्त हुआ। शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश पांडेय व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आरिफ हुसैन सहित सैकड़ों छात्र डिग्री कॉलेज में एकत्रित हुए। इसके बाद सभी पैदल मार्च निकालते हुए पर्यावरण विभाग पहुंचे। जहां पहले से तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया, लेकिन अधिक संख्या में मौजूद छात्र गेट को धकेल कर अंदर प्रवेश किए। इसके बाद वो विभाग के गेट के सामने बैठ कर नारेबाजी करने लगे। राकेश पांडेय ने कहा कि रायगढ़ को औद्योगिकरण और खदानों के नाम से बर्बाद किया जा रहा है। रायगढ़ शहर के हृदय स्थल पर जिंदल समूह इतना बड़ा उद्योग



खोल कर बैठा है और उसके यहां सारी सुविधाएं बाहरी लोगों को मिलती है। रोजगार बाहरी लोगों को मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि तमनार उजड़ने की स्थिति में है, आने वाले दिनों में तमनार रायगढ़ के नक्शे से गायब हो जाएगा। जिला प्रशासन से मांग है कि जनसुनवाई को रद्द किया जाए।आगामी 14 अक्टूबर को तमनार में गारे पेलमा सेक्टर 1 कोयला खदान की जनसुनवाई होने वाली है। जिसमें 3020 हैक्टेयर भूमि में बसे दर्जनों गांव उजाड़े जाएंगे, हजारों पेड़ काटे जाएंगे। जिसमें हजारों की परिवार प्रभावित होंगे। रायगढ़ जिला और तमनार क्षेत्र उद्योगों और खदानों के कारण प्रदूषण की चपेट में है।अधिकारी के नहीं आने तक डटे रहे छात्रराकेश पांडेय ने कहा कि आज तक जिंदल या फिर कोई भी उद्योग के लोग किसी भी कॉलेज में कैंपस सलेक्शन करने नहीं आए हैं। क्योंकि वो स्थानीय युवाओं को रोजगार देना ही नहीं चाहते हैं। उनके प्रदर्शन को देख क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अंकुर साहू ने उनसे कहा कि जनसुनवाई निरस्त करने के लिए बहुत सारे ज्ञापन आए हैं, जोकि विचाराधीन हैं, इस पर छात्र नहीं माने और प्रशासनिक अधिकारी को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़े रहे। दोपहर करीब 3 बजे एसडीएम महेश शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने आश्वासन दिया कि वो इस संबंध में उच्चाधिकारियों से बात करेंगे, इसके लिए उन्हें समय दिया जाए। काफी मुश्किल के बाद छात्र माने और आन्दोलन को समाप्त किया।

# दफ्तर वीरान, जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

कार्यालय नगर पंचायत में विगत 6 माह से कार्यालयीन कार्य ठप्प पड़ा हुआ है। कार्यालय में तालाबंदी की स्थिति आ गई है। कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी के उपस्थित नहीं होने से नगरवासियों में सीएमओ एवं कार्यालय के कर्मचारी के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

नगर पंचायत बिलाईगढ़ में सीएमओ और कैशियर ही नियमित पद पर पदस्थ हैं, शेष कार्यालय कुछ प्लेसमेंट कर्मचारियों के भरोसे है। वो भी सीएमओ या नियमित कर्मचारी के नहीं आने से गायब रहते हैं। ऑफिस पूरा वीरान पड़ा रहता है। सीएमओ चौधरी के प्रताड़ना से तंग आकर ही 10-15 वर्षों से कार्यरत 3-4 कर्मचारी काम छोड़ चुके हैं। वही 2-3 कर्मचारी के ऊपर जबरन झूठा आरोप लगाकर कार्य से पृथक कर दिया गया। नगर पंचायत बिलाईगढ़ जहां निर्वाचन के बाद से अब तक कोई भी नए कार्यों की स्वीकृति तो दूर पुराने कार्य भी यथावत अधूरे पड़े हैं। सीएमओ सुशील कुमार चौधरी के उदासीनता और तानाशाही रवैए




से नगरवासी त्रस्त हैं। लोगों को कार्यालय के बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं, ऑफिस तो नाम मात्र का रह गया है। लगभग 4 करोड़ का कार्य लंबित होने बाद भी सीएमओ चौधरी को अपने चहेते को अध्यक्ष नहीं बना पाने के कारण किसी कार्य में रुचि नहीं लिया जा रहा है।

निर्माण कार्य के साथ साथ, विगत 5 माह से एक रुपए का भी राजस्व वसूली नहीं किया गया है। जलकर, सम्पत्ति कर, समेकित कर, भवन अनुज्ञा शुल्क आदि के लिए रसीद नहीं कट रहा है जो कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। यही नहीं ऑफिस के समस्त विभागों का फाइल एवं दस्तावेजों को अपने निवास लाकर रखे हुए हैं। जिससे अध्यक्ष एवं पार्षदगण को कोई भी कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती रही है। सीएमओ को इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों द्वारा मौखिक व लिखित शिकायत भी किया जा चुकी है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी भी सीएमओ चौधरी पर मेहरबान नजर आ रहे हैं। क्या कारण है कि उनके कार्यालय से अनुपस्थित, तानाशाही रवैया और भ्रष्टाचार की कई शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## शासकीय प्राथमिक शाला कसैया में सामाजिक अंकेक्षण

**घरघोड़ा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला कसैया संकुल कन्या घरघोड़ा में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वार्ड पार्षद बैतल राठिया की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं शिक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे और अंकेक्षण कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर शिक्षा समिति के सदस्य सुख सिंह राठिया, उपाध्यक्ष श्रीमती राधा भुइया, शिक्षाविद् उद्धव बारिक, बेदराम राठिया, हीरा लाल भोय सहित विद्यालय के प्रधान पाठक अब्दुल राशिद की उपस्थिति रही। अंकेक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति, आधारभूत सुविधाएं एवं सामुदायिक सहभागिता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और गुणवत्ता को सुदृढ़ करना रहा। अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से शिक्षा के स्तर को और ऊँचा उठाने का संकल्प लिया।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में 107 गर्भवती माताओं की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देशन एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक जायसवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 9 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती माताओं की प्रसव पूर्व जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार और परामर्श प्रदान किया गया। अभियान के दौरान कुल 107 गर्भवती माताओं का पंजीयन किया गया। सभी को निःशुल्क जांच, परामर्श एवं दवाइयों की सुविधा प्रदान की गई। साथ ही 32 गर्भवती महिलाओं का निः शुल्क सोनोग्राफी परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान 20 उच्च जोखिम गर्भवती माताओं की पहचान की गई, जिन्हें विशेष चिकित्सा सलाह और उचित उपचार प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के नियमित आयोजन से मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिल रही है। इस अभियान के माध्यम से उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान समय रहते की जा रही है, जिससे उन्हें आवश्यक उपचार का लाभ समय पर मिल पा रहा है। कलेक्टर व सिविल सर्जन ने की अपील 9 और 24 तारीख को पहुंचे शिविर में सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को हर माह की 9 एवं 24 तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में अवश्य लेकर आएं, ताकि सभी को समय पर जांच और परामर्श का लाभ मिल सके। शिविर में आने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए जिला चिकित्सालय की ओर से पौष्टिक स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। साथ ही गर्भवती माताओं एवं गर्भस्थ शिशु के पोषण के लिए आवश्यक औषधियां, प्रोटीन पाउडर एवं आयरन सप्लीमेंट निरूशुल्क प्रदान किए गए।

## भारी स्कूल बैग पर सरकारी जांच से पहले शिक्षकों की हेराफेरी

**राउरकेला।** बच्चों के लिये शिक्षा जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी उनका स्वास्थ्य और सुरक्षा भी है। यदि शरीर स्वस्थ न हो तो शिक्षा ग्रहण करना कठिन हो जाता है। इसी भावना से सरकार ने स्कूलों में बच्चों के बैग का भार जांचने का अभियान शुरू किया है ताकि बच्चों को भारी बोझ से राहत मिल सके, लेकिन इस अभियान के दौरान राउरकेला स्थित चिन्मय विद्यालय से चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। बताया गया कि सरकारी अधिकारियों के निरीक्षण से ठीक पहले शिक्षकों ने बच्चों के बैग से किताबें निकालकर उनका वजन घटा दिया। इस तरह स्कूल प्रशासन ने न केवल सरकारी प्रयासों को धोखा दिया बल्कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य की



अनदेखी करते हुए गलत परंपरा को भी आगे बढ़ाया। शिक्षकों द्वारा इस तरह का कदम बच्चों के सामने ईमानदारी और नैतिकता के विपरीत उदाहरण पेश करता है, जो शिक्षा के मूल उद्देश्य को ही कमजोर करता है।

**TOP IN RAIGARH**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

**रामेश्वरम् धाम यात्रा**

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति**

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-9165 411411